## सीएम डॉ. यादव बोले- लोहड़ी, धरती मां की उदारता और किसानों के परिश्रम को प्रणाम करने का त्यौहार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल के रविंद्र भवन में पंजाबी अकादमी, संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित लोहड़ी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रबी फसल की कटाई के साथ मनाया जाने वाला लोहड़ी पर्व धरती मां की उदारता को नमन करने और किसान भाइयों के परिश्रम को प्रणाम करने का त्योहार है। हमारे देश में मनाया जाने वाला एक-एक त्योहार आनंद और उत्साह भर देता है। पंजाबी समाज का हर आयोजन ऊर्जा से सराबोर कर देता है।


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 179 | इंदौर, सोमवार 13 जनवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## प्रयागराज के तट पर आस्था का 'संगम'

# महाकुंभ में सुबह से अब तक 60 लाख लोगों ने किया पवित्र स्नान



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले का दिव्य और भव्य शुभारंभ हो गया है. आज से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में इस बार 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु शामिल होने का अनुमान है. पहले दिन से ही तीर्थ राज प्रयाग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई है. वैसे तो कुंभ में सभी दिन भक्तों की भारी भीड़ लगने की संभावना है, लेकिन शाही स्नान वाले दिन ये भीड़ कई गुना ज्यादा तक बढ़ सकती है.

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाला महाकुंभ मेला (Mahakumbh 2025) आज से शुरू हो गया है. पौष पूर्णिमा का आज अमृत स्नान है. सुबह से ही श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती (अदृश्य) नदी के संगम में डुबकी लगा रहे हैं. बताया जा रहा है कि आज करीब 1 करोड़ श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाएंगे. वहीं, अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा से एक दिन पहले रविवार को संगम पर करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई. रविवार को लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और बड़ी संख्या में साधु-संत पवित्र अनुष्ठान करने और आशीर्वाद लेने के लिए संगम पर इकट्ठा हुए.

एजेंसी के मुताबिक, सूचना निदेशक शिशिर ने बताया, 'शनिवार को संगम में स्नान करने के लिए 33 लाख श्रद्धालु आए. पिछले दो दिनों में 85 लाख से ज्यादा लोगों ने नदी में स्नान किया. इस साल महाकुंभ में 45 करोड़ से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे यह इतिहास में सबसे बड़ा समागम बन जाएगा.'

सनातन धर्म के प्रतिनिधि माने जाने वाले सभी 13 अखाड़ों ने 40 दिन के उत्सव की शुरुआत से पहले अपने-अपने निर्धारित इलाकों में अपने शिविर स्थापित कर लिए हैं. रविवार को श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन ने शिविर क्षेत्र में प्रवेश कर लिया, जिसके साथ ही अखाड़ों के जुलूस का समापन हो गया. पहला अमृत स्नान (शुभ स्नान) मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को होगा, जिसके दौरान सभी अखाड़े निर्धारित क्रम में स्नान करेंगे.

**यूं ही सफाई में नबंर वन नहीं है इंदौर**

# जीरो वेस्ट मॉडल का निरीक्षण करने के लिए भारत सरकार की टीम पहुंची, जमकर की तारीफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट





इंदौर। देश में सबसे साफ शहरों की बात की जाए तो इंदौर का नाम टॉप पर है। लगातार सातवीं बार पहली पोजिशन पर आने वाला शहर आठवीं बार दावेदारी कर रहा है। सफाई के साथ कचरे का सही उपयोग अब शहर के साथ देशभर में एक्सीलेंस प्रदर्शन किया है। शहर का जीरो वेस्ट मॉडल अपने आप में उन्नत होने के साथ दूसरों को आकर्षित कर रहा है। शहर के जीरो वेस्ट मॉडल का निरीक्षण करने के लिए भारत सरकार की टीम पहुंची हुई थी।

शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा अपनी टीम के साथ इंदौर दौरे पर पहुंची। यहां उन्होंने शहर में सफाई के लिए किए जा रहे काम की जानकारी ली साथ ही शहर के स्वच्छता मॉडल को भी देखा। इतना ही नहीं उन्होंने जीरो वेस्ट मॉडल से जुड़े कार्यों का निरीक्षण खिया। भारत सरकार की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने जीरो वेस्ट मॉडल के साथ इससे जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रूपा मिश्रा ने जीरो वेस्ट वार्ड जाकर लोकल लोगों से चर्चा भी की। लोगों के चर्चा के दौरान मिश्रा ने कहा कि इंदौर को जीरो वेस्ट मॉडल देशभर के लिए एक उदाहरण है। साथ ही वे लोग इस मॉडल को अपना रहे हैं। जीरो वेस्ट प्लांट का इंस्पेक्शन करने के बाद रूपा मिश्रा ने इंदौर नगर निगम के प्रयासों की सराहना की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंदौर का जीरो वेस्ट मॉडल टेक्नोलॉजी रूप से एडवांस होने के साथ नागरिक भागीदारी का भी बेहतरीन उदाहरण है। इंदौर के इस मॉडल को देश के अन्य शहरों में लागू किया जा सकता है। मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि इस मॉडल के अनुभव और सक्सेस का डॉक्युमेंट बनाकर अन्य शहरों की लोकल बॉडी के साथ शेयर किया जाना चाहिए। शहरी कार्य मंत्रालयर की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा ने जीरो वेस्ट के रूप में अपनी रखने वाले राजकुमार ब्रिज के नीचे कचरा मैनेजमेंट सेंटर का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी)। साथ ही प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट को देखा। इसमें प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर फिर से उपयोग के वाले प्रोडक्ट में बदलने की प्रोसेस की जाती है। इससे प्लास्टिक पॉलुशन कम किया जाता है। संयुक्त सचिव को सभी कचरा केंद्रों की कार्यप्रणाली, तकनीक के साथ ऑपरेशन संबंधित जानकारी ह्यूमन मैट्रिक्स की ओर से कैप्टन संप्रीत सिंह ने दी।

## आज मनेगा लाललोई, लोहड़ी पर्व, विश्व में सुख शांति के लिए करेंगे कामना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। सोमवार को लाललोई, लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी में पिछले 39 सालों से ये पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।**

समिति के सचिव अनिल आगा ने बताया कि सिंधी और पंजाबी समुदाय का प्रमुख पर्व लाललोई, लोहड़ी उत्सव सोमवार को मनाया जाएगा। जयरामपुर कॉलोनी बगीचे के पास पिछले 39 सालों से इस पर्व को धूमधाम के साथ मनाया जाता है। समाज की महिलाएं व्रत उपवास रखकर समाज व परिवार के कल्याण की कामना करती है। लोई विशेषता हमेशा प्रदूषण रहित की रहती है। लकड़ी का उपयोग कम से कम कर गोबर के कंडों और घास की पिंडियों का इस्तेमाल इसमें किया जाता है। सोमवार शाम को लोई सजाई जाएगी, रात में समाज की महिला-पुरुष यहां एकत्रित होकर लोई की पूजा करते है। कन्याओं और छोटे बच्चों द्वारा लोई की अग्नि दी जाती है। समाजजन लोई के चारों ओर परिक्रमा करेंगे। ढोलक की थाप पर खुशी के गीत गाकर नाचते झूमते है, साथ ही लोई में अखा एवं लाजा (चना, चिरौंजी, पताशा, परमल, रेवड़ी, नारियल) का प्रसाद चढ़ाकर पल्लव अरदास कर सुखी समृद्धि की कामना करेंगे। प्रसाद वितरण के साथ ही एक-दूसरे को बधाई दी जाती है। इसके बाद देर रात में उत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन यानी 14 जनवरी को सिंधी समाज द्वारा तिरअमुरी का त्योहार मनाया जाएगा, इस दिन समाज की बहन-बेटियों के घर तिल गुड़ के बने व्यंजनों को भेजा जाएगा।



## याराना ग्रुप द्वारा जोरशोर से मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व को किया सेलिब्रेशन, मनोरंजक गेम्स भी खेले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महिलाओं का अपना ग्रुप याराना ग्रुप जो की समय समय पर सोशल एक्टिविटी आयोजित करता रहता हैं ।उनके द्वारा एक निजी होटल में मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व को सेलेब्रेट किया गया।इस अवसर पर कई गेम्स भी ग्रुप्स की महिलाओं ने खेले व बाद में लोहड़ी भी जलाई गई।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नित्या सिंह थी व प्रमुख गेस्ट दिशा जयसिंघानी, वंदना कटारिया,मोहित सोनी थे कार्यक्रम का संयोजन अर्चना गुप्ता द्वारा किया गया

## दिल्ली के कांग्रेस और कश्मीर के नेताओं के बीच क्या है रिश्ता?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक जाटव ने एक प्रेस वार्ता में एक विवादित बयान देकर राजनीतिक हलचल मचा दी। पत्रकारों से बात करते हुए जाटव ने कहा कि दिल्ली में बैठे कांग्रेस नेताओं और कश्मीर के नेताओं का डीएनए टेस्ट कराया जाना चाहिए। इस बयान ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। उनके इस बयान से साफ पता चलता है कि वे इन दोनों नेताओं के बीच क्या रिश्ता है यह जानना चाहते हैं।**

प्रेस वार्ता के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि वे किन नेताओं की बात कर रहे हैं, तो उन्होंने खुलकर किसी का नाम लेने से परहेज किया। जाटव ने कहा, 'आप लोग जानते हैं कि मैं किसके बारे में बात कर रहा हूं।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि वे सीधे तौर पर किसी का नाम लेकर बयान नहीं देना चाहते। अशोक जाटव ने अपने बयान में कहा कि कश्मीर के कुछ नेताओं की पुरानी तस्वीरें और उनकी गतिविधियों को देखा जाए और उन्हें डीएनए टेस्ट से मिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा की कांग्रेस और नेहरू परिवार ने जिंदगी भर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। बाबा साहब की जन्मस्थली महू में कांग्रेस और राहुल गांधी ने कोई कार्य नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी ने 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली जनता को भ्रमित करने के लिए निकाल रही है। इस यात्रा में शामिल होने राहुल गांधी भी बाबा साहब की जन्मस्थली पुण्यभूमि महू आ रहे हैं। राहुल गांधी को महात्मा गांधी, बाबा साहब और संविधान से कांग्रेस व अपने द्वारा किए गए कृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए, इसके बाद वे महू आएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने आज दलित समाज को बेजुबान कहा है। हमारे दलित भाई-बहनों को बेजुबान कहकर कांग्रेस नेताओं ने उनका घोर अपमान किया है, इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### स्कूल शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षक को सेवानिवृत्ति के निर्धारित समय पर मिला पेंशन आर्डर

**इंदौर।** इंदौर में जनकल्याण अभियान के चलते नागरिकों को उनकी समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही उन्हें विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ भी निर्धारित समय-सीमा में देना सुनिश्चित किया जा रहा है। हाल ही में एक ऐसा प्रकरण शासकीय अहिल्या आश्रम क्रमांक 2 में हुआ, जब सेवानिवृत्त एक शिक्षिका को सेवानिवृत्ति के निर्धारित समय पर पेंशन आर्डर मिला। इंदौर के शासकीय पीएमश्री अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि गत 31 दिसम्बर को विद्यालय से सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका श्रीमती मीना जैन का पीपीओ (पेंशन पेमेंट आर्डर) संभागीय पेंशन कार्यालय ने सेवानिवृत्ति के सातवें दिन 7 जनवरी 2025 को जारी कर दिया ।

# स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस को मनाया गया 'युवा दिवस' के रूप में

### सामूहिक सूर्य नमस्कार हुआ- मंत्री श्री सिलावट, विधायक सुश्री ठाकुर, कलेक्टर श्री आशीष सिंह आदि हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में आज 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को 'युवा दिवस' के रूप में मनाया गया। स्कूलों में भी सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे से सुबह 10.45 बजे तक आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, कलेक्टर श्री आशीष सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी तथा शहरवासी शामिल हुए।







जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में लगभग साढ़े चार हजार छात्र-छात्राओं आदि ने उत्साहपूर्वक सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला योग समिति, सहज योग केन्द्र, आरोग्य भारती, प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, योग एसोसिएशन इन्दौर, योग संघ, एनसीसी, स्काउट गाईड, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था (श्री रविशंकर जी), अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा संबंधित विभाग, संगठन, पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाएं, विवेकानन्द केन्द्र, कन्याकुमारी, आर्य समाज, विद्या भारती शिक्षा संस्थान, आरोग्य भारती, ईशा फाउंडेशन श्री रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, गायत्री परिवार, आर्य समाज, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के छात्रावास, स्थानीय खेल क्लब, सेवानिवृत्त सैनिक, स्थानीय निकाय, मोहल्ला क्लब, मार्निंग वाकर्स, व्यायाम शाला, हेल्थ क्लब, पंचायत, सहकारी संस्थाएँ, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत प्रतिभाएं, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर सुरक्षा समितियाँ आदि की सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सामूहिक सहभागिता रहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सन्देश प्रसारित किया गया। स्वामी विवेकानंद द्वारा 1893 में शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का हिंदी अनुवाद भी कार्यक्रम में प्रसारित किया गया। सूर्य नमस्कार के प्रारम्भ में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का रेडियो से प्रसारण किया गया। आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित सन्देश के अनुरूप स्कूली बच्चों ने सूर्य नमस्कार के आसन किये साथ ही प्राणायाम भी किया।

## जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शहर और गाँवों में लगाए गए लगभग साढ़े पांच सौ शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और शासकीय सुविधाओं का लाभ देने के लिए शहर और गाँवों में लगभग साढ़े पांच सौ शिविर लगाये गए। इन शिविरों में नागरिकों द्वारा कुल 77 हजार 762 आवेदन दिये गए। इनमें से 73 हजार 839 नागरिकों के आवेदन स्वीकृत किये गए। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का जिले में 26 जनवरी तक क्रियान्वयन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिले में जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में 11 दिसम्बर से जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में तथा शहरों में वार्डवार शिविर निर्धारित तिथियों में लगाये जा रहे हैं। अभी तक जिले में 539 शिविर आयोजित किए जा चुके है। इनमें से इंदौर शहर के वार्डो में 85 शिविर लगाए जा चुके है। इसी तरह जनपद पंचायत देपालपुर में 108, सांवेर जनपद में 81, महू जनपद में 78, इंदौर जनपद में 67 शिविर लगाए गए हैं। इसी प्रकार सभी आठों नगर परिषदों में 15-15 शिविर आयोजित किए गए हैं।

उक्त शिविरों में कुल 77 हजार 762 आवेदन प्राप्त हुए है, इनमें से 73 हजार 839 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। अपात्रता होने से 316 आवेदन निरस्त किए गए है। शेष आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। बताया गया कि जनकल्याण अभियान में आमजन से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं का लाभ नागरिकों तक सीधा पहुँचाया जा रहा है। साथ ही 45 हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत भी नागरिकों के प्रकरण तैयार किए जा रहे है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य शासन का अतिमहत्वपूर्ण अभियान है, इस अभियान को पूर्ण गंभीरता से लिया जाए, अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान के माध्यम से लाभ दिया जाए। अभियान के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाये। उन्होंने अभियान के तहत सीएम हेल्पलाइन के अधिक से अधिक प्रकरणों को भी समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि शिविरों में आवेदकों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की जा रही है। जिले में श्रमिकों का पंजीयन विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आवेदकों के नए कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही पशु पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा कॉलेजों में शिविर लगाए जा रहे हैं।

## उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं/संगठनों/व्यक्तियों को किया जाएगा पुरस्कृत

### आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य और संभाग स्तर पर आयोजित समारोह में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम. एल. मारू ने बताया कि यह पुरस्कार संभाग और राज्य स्तर पर अलग-अलग प्रदान किये जाएंगे। पुरस्कार के इच्छुक संगठन और व्यक्तियों से राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिए अलग-अलग आवेदन मंगाये गए हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था/व्यक्तियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 25 हजार रूपये का दिया जायेगा।

इसी तरह संभाग स्तर पर भी उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन/व्यक्ति को पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 11 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 5 हजार रूपये का दिया जायेगा। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिये ऐसे स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन व्यक्ति का चयन किया जायेगा जो विशेष रूप से उपभोक्ता हित संरक्षण एवं संवर्धन में संलग्न हो। आवेदक संगठन व्यक्ति द्वारा एक प्रति में आवेदन के मुख्य पृष्ठ पर 'राज्य स्तरीय पुरस्कार संभाग स्तरीय वर्ष 2024-25 हेतु' सुस्पष्ट रूप से लिखकर जिला कलेक्टर, जिला आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी को 23 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। संगठन व्यक्ति द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कैलेण्डर वर्ष 2024 (1) जनवरी 2024 से 31 दिसबर 2024 के दौरान प्रत्येक माह में की गई गतिविधियों की सप्रमाण विस्तृत विवरण रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

## इंदौर जिले की लाड़ली बहनों के खाते में आई राशि

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से राशि की अंतरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत 4 लाख 46 हजार 580 पात्र बहनों को 1250 रुपये की राशि सीधे बैंक खाते में आज अंतरित की गई। यह राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कालापीपल जिला- शाजापुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अंतरित की। इस अवसर पर इंदौर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के कालापीपल के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इंदौर शहर में यह कार्यक्रम नगर निगम के झोन कार्यालयों सहित अन्य स्थानों पर आयोजित भी सम्पन्न हुए।

मुख्यमंत्री जी ने 'मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना' की लाभार्थी बहनों को माह जनवरी 2025 की मासिक सहायता राशि का वितरण





किया। साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं एवं गैर पीएम उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहना हितग्राहियों को अनुदान राशि का सिंगल क्लिक से भी अंतरण किया गया। लाड़ली बहना योजनान्तर्गत इंदौर जिले की कुल 4 लाख 46 हजार 580 पात्र बहनों को 1250 रुपये के मान से राशि सीधे उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण शामिल हुए। कार्यक्रम में महिलाओं को मकर संक्राति की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में कन्या पूजन भी किया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए भारतीय परम्परागत खेलों का आयोजन भी किया गया।

# पतंगों पर भी पीएम मोदी और पुष्पा का क्रेज



**राजगढ़।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ शहर में इन दिनों पतंग के बाजार गुलजार है, क्योंकि वक्त है आने वाले त्यौहार मकर संक्रांति का। इसमें युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। ऐसे में अलग-अलग डिजाइन की पतंगे भी बाजार में हैं। वहीं कागज के साथ साथ पन्नी की पतंगों पर बनी अलग-अलग किरदार की पतंग ज्यादा पसंद की जा रही है। दरअसल शहर के मुख्य बाजार में लगने वाली इन पतंगों की दुकानों में जहां अलग-अलग डिजाइन की पतंग हैं, वहीं कुछ पतंगों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तस्वीर नजर आ रही है और उस पर चंद्रयान बना हुआ है। इसके अतिरिक्त पीएम मोदी द्वारा शुरू किए गए आजादी का अमृत महोत्सव लिखी हुई पतंग भी सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं राजनीतिक चेहरे के साथ-साथ हाल ही में रिलीज हुई अल्लु अर्जुन की पुष्पा भी पतंगों के मामले में पीछे नहीं है। ऐसी ही एक डिजाइन पुष्पा की भी पतंगों में नजर आ रही है,जिसमें फिल्म का चर्चित डायलॉग फ्लॉवर नहीं फायर है मैं लिखा हुआ है। शहर के मुख्य बाजार में पतंगों की दुकान सजाकर बैठने वाले दुकानदार साबिर कहते हैं कि हम पिछले कई वर्षों से पतंग के इस सीजन में अपनी दुकान लगाकर बैठते हैं। यहां मकर संक्रांति पर गिल्ली-डंडे से ज्यादा पतंग का क्रेज रहता है और बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पतंगे खरीदकर ले जाते हैं। हाल ही में देश के पीएम मोदी की तस्वीर और पुष्पा फिल्म के डायलॉग वाली पतंगों की ज्यादा डिमांड है।

# तहसीलदार पर यौन शोषण का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पदस्थ तहसीलदार शत्रुघन सिंह चौहान पर एक 34 वर्षीय महिला ने पत्नी बनाकर रखने। लगातार शारीरिक संबंध बनाने और एक अन्य युवक से जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया था। शनिवार को इस मामले में पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर अपनी शिकायत पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाया है।महिला करीब चार घंटे रोती रही, लेकिन कोई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वहां नहीं पहुंची। इस दौरान महिला ने एसपी को भी कॉल किया। इस मामले में डीएसपी महिला अपराध का कहना है कि सब इंस्पेक्टर को भेजकर महिला के बयान लिए हैं, जबकि पीड़िता का कहना है कि बयान नहीं हुए हैं। पीड़िता ने कहा कि वह शत्रुघन सिंह चौहान की पत्नी है। साल 2010 में उसने मुझसे शादीशुदा होने की बात छुपाकर शादी की। अलग-अलग जगह रखकर संबंध बनाए। उससे साल 2014 में बेटे का भी जन्म हुआ है। तहसीलदार के चार पत्नी हैं। महिला ने बारीकी से पूरी बात बताई है। अब पुलिस उसके आवेदन में आए हर एक किरदार की बारीकी से जांच करने की बात कह रही है। जबकि तहसीलदार का कहना है कि वह महिला को जानते तक नहीं है। महिला का पति कोई अन्य युवक है। महिला मुझसे 10 लाख रुपए मांग रही है। उसने कूटरचना कर दस्तावेज बनाए हैं। इस मामले में डीएसपी महिला अपराध किरण अहिरवार ने बताया कि महिला ने तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसमें कई लोगों के नाम और उनका जिक्र आया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। शहर के थाटीपुर एरिया में रहने वाली एक 34 वर्षीय महिला ने तहसीलदार शत्रुघन सिंह चौहान पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला ने बताया कि वह भिंड की रहने वाली है। साल 2006 में उसकी शादी हुई थी। दो साल बाद उसके पति का देहांत हो गया था। साल 2008 में शत्रुघन सिंह चौहान का उसके जेठ के पास आना-जाना था। महिला का कहना है कि तब वह तहसीलदार नहीं थे और उनका रेत का काम था। इसके बाद उन्होंने मेरे जेठ को धंधे में फायदा पहुंचाकर जबरन मुझे हासिल किया। अपने शादी शुदा होने की बात छुपाकर मुझसे शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाने लगे। साल 2008 में ही वह नायब तहसीलदार बन गए। इसके बाद वह लगातार मेरा शारीरिक शोषण करते रहे। साल 2010 में रतनगढ़ माता मंदिर पर मांग में सिंदूर भरकर मुझसे शादी की नौटंकी की थी। इसके बाद जहां-जहां पोस्टिंग रही वहां-वहां रखा और संबंध बनाए, मेरा खर्चा भी वहीं उठाए थे।



## पहला सुख निरोगी काया का माध्यम है योग

# विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रदेश की समस्त शालाओं में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युग प्रवर्तक, युग प्रणेता और चिर युवा स्वामी विवेकानंद के विचार मात्र से ही राष्ट्र भक्ति और युवा शक्ति की अनुभूति होती है। स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति, सभ्यता और भारतीय दर्शन को जिस प्रकार विश्व में स्थापित किया वह आज भी हम भारतीयों को गौरवान्वित करता है। उनका 'उठो-जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो' का संदेश परमात्मा द्वारा व्यक्ति को प्रदान किए गए असीम ऊर्जा के भण्डार का अनुभव कराकर अपने स्वप्न और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्राण-प्रण से प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व और मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप स्वामी विवेकानंद की भविष्य वाणी कि '21 वीं सदी भारत की होगी' को हम चरितार्थ होते हुए देखेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस पर भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ, इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद का रिकॉर्डेड ऑडियो संदेश भी प्रसारित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार तथा सूर्य नमस्कार के तीन चक्र और प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम- भ्रामरी -भर्स्रिका आदि योग किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में 10 सुखों का उल्लेख है, जिसमें पहला सुख निरोगी काया को माना गया है और निरोगी काया प्राप्त करने का श्रेष्ठतम मार्ग योग है। इसी आधार पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के साथ सूर्य नमस्कार को जोड़कर स्वयं को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी है। सूर्य ही ऊर्जा का स्रोत है और इस ऊर्जा के साथ योग की पद्धति को जोड़ने से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का मार्ग प्रशस्त होता है।

# ईवी पर 1 साल पूरे प्रदेश में पार्किंग शुल्क नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** डेढ़ साल के इंतजार के बाद प्रदेश की नई ईवी पॉलिसी-2025 का ड्राफ्ट नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने तैयार कर लिया है। इसी महीने के अंत तक पॉलिसी को जारी किया जा सकता है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईवी को एक साल तक पार्किंग शुल्क में पूरे मप्र में छूट मिलेगी। इसमें मॉल और प्राइवेट शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी शामिल है। साथ ही शुरुआती ईवी पर सब्सिडी भी मिलेगी। इसके लिए ईवी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन वाहन सब्सिडी क्लेम करना होगा। नई पालिसी 5 साल के लिए लागू होगी। पॉलिसी के तहत, ईवी को बढ़ावा देने के लिए डीजल से चलने वाली बसों और ट्रकों के ईंधन पर सेस लगेगा। 25 लाख से महंगी पेट्रोल-डीजल कारों पर भी रोड टैक्स बढ़ेगा। मप्र ईवी प्रमोशन बोर्ड भी बनाया जाएगा। बोर्ड में नगरीय प्रशासन, परिवहन और वित्त आदि विभागों के सदस्य होंगे। यह प्रदेश में ईवी सिस्टम की सर्वोच्च संस्था होगी।

# शिव की नगरी में महामृत्युंजय की भव्य रथ यात्रा, भगवान भोलेनाथ की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महेश्वर।** तपोभूमि के नाम से विख्यात व शिव भक्त प्रातः स्मरणीया मातुश्री अहिल्या की कर्म स्थली रही माहिष्मती नगरी में भगवान महामृत्युंजय की रथ यात्रा श्रद्धा भक्ति उमंग उत्साह के साथ निकली, जिसमें पूरे रास्ते शिव भक्त भजनों पर झूमते नाचते व बाबा का जयकारा लगाते हुए भाव विभोर हो भगवान मृत्युंजय के रथ को खींचते आगे बढ़ते रहे। भक्ति का यह नजारा सभी नगरवासियों को आनंदित करते रहा।

महालक्ष्मी नगर स्वाध्याय भवन से निकली महामृत्युंजय यात्रा शने शने आगे बढ़ती गई और भक्तों का कारवां जुड़ता गया। सुगंधित फूलों से सजे रथ में विराजित भगवान महामृत्युंजय की एक झलक पाने के लिए भक्तजन सड़कों के दोनों और एकत्र हो जय घोष लगाकर शिव के प्रति अपने आस्था प्रकट करते रहे। बैंड बाजे ढोल ताशे से सजी धर्म ध्वजा लहराती निकलने वाली महामृत्युंजय रथ यात्रा अपनी भव्यता की मिसाल बन गई है।



# महिला कर्मचारी ने 60 करोड़ का टेंडर दिलाने के लिए ली डेढ़ करोड़ की रिश्वत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश के सरकारी विभागों में चल रही टेंडर प्रक्रिया के भ्रष्टाचार का एक नमूना राजधानी भोपाल में सामने आया है। यहां मानव संसाधन आपूर्ति से जुड़ी एक कंपनी ने आयुष विभाग में 60 करोड़ रुपये का टेंडर पाने के लिए वहां काम कर रही एक महिला कर्मचारी को सवा करोड़ रुपये की रिश्वत दी।**

कंपनी को काम नहीं मिला तो उसने पैसे वापस मांगे। महिला कर्मचारी ने उसे देने से इन्कार कर दिया, तो रिश्वत देने वाली कंपनी के संचालक ने महिला के खिलाफ थाने में शिकायत की। अब बिलखिरिया थाने में महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है।बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि मूलतः ग्वालियर के रहने वाले धर्मवीर सिंह सेंगर वर्तमान में बिलखिरिया क्षेत्र में रहते हैं। वह सेंगर सिक्योरिटी सर्विसेज कंपनी के संचालक हैं।धर्मवीर ने बताया कि 2023 में आयुष विभाग में साढ़े तीन हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती के लिए 60 करोड़ का टेंडर निकाला गया था। तब विभाग में कार्यरत प्रगति श्रीवास्तव ने सवा करोड़ रुपए लेकर टेंडर दिलवाने की बात कही।उन्होंने विभाग में ऊंची पहुंच बताकर कंपनी को टेंडर के आवंटन का आश्वासन दिया था। टेंडर भरने के बाद धर्मवीर ने 14 अगस्त को प्रगति के बैंक खाते में 15 लाख रुपए जमा करा दिए।इसके बाद प्रगति ने टेंडर दिलवाने के लिए आगे की कार्रवाई के लिए बाकी राशि मांगी। धर्मवीर ने 11 अक्टूबर को अपने दो दोस्त विनोद और विपिन पोखरियाल के सामने प्रगति को 1 करोड़ 10 लाख रुपये नकद दिए। टेंडर में कुल 11 कंपनियों ने भाग लिया था, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया से गुजरने के बाद विभाग ने चार कंपनियों को चयनित किया था। जनवरी 2024 में यह टेंडर विभाग ने निरस्त कर दिया। इसके बाद धर्मवीर ने प्रगति से अपने रुपये वापस मांगे, तो उसने लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। बाद में जब धर्मवीर ने दबाव डाला तो टाल-मटोल करने लगीं, लेकिन राशि नहीं लौटाई।बताया जा रहा है कि कंपनी संचालक ने दो महीने पहले अपनी शिकायत दी थी। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद अब धोखाधड़ी की धारा में मामला दर्ज किया है। अब महिला के राजनीतिक कनेक्शन तलाशे जा रहे हैं। धर्मवीर ने बताया कि पूर्व में उनका मंडला शासकीय अस्पताल में काम चल रहा था। जनवरी 2023 में विभाग ने किसी कारण से टेंडर निरस्त करवा दिया था, जिससे उनका भुगतान फंस गया।तब कंपनी के मैनेजर महेंद्र अग्रवाल का संपर्क विभाग में कार्यरत प्रगति श्रीवास्तव से हुआ था। प्रगति ने उस दौरान तीन लाख रुपये लेकर अटकी हुई राशि वापस दिलवा दी थी, जिसके बाद हमने टेंडर के लिए प्रगति से संपर्क किया था।आयुष विभाग के जानकारों का कहना है कि प्रगति श्रीवास्तव करीब नौ वर्ष से आयुष विभाग में आउटसोर्स पर काम कर रही हैं। बागमुगालिया क्षेत्र में रहती हैं। प्रगति के पति चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ठेकेदार है।बताया जाता है प्रगति के राजनीतिक संबंध मजबूत हैं। उसके घर अक्सर कई स्थानीय नेताओं का आना-जाना होता है, जिसके चलते टेंडर प्रक्रिया में उसका दखल चलता है।



# संपादकीय

## चुनावी रेवली राज्य सरकारों के लिए पड़ रही भारी

महाराष्ट्र की नई सरकार के शपथ ग्रहण के एक महीने से भी कम समय में, राज्य की महिला एवं बाल विकास और कल्याण मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि नमो शेतकरी और प्रत्यक्ष लाभ योजनाओं के तहत सूचीबद्ध महिलाएं लड़की बहन योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। यह वह योजना है जिसके तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 2,100 रुपये पेंशन देने का वादा किया गया था। इससे महायुति गठबंधन को सत्ता में वापस आने में मदद मिली थी। शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि इससे महाराष्ट्र सरकार को 2.63 करोड़ लाभार्थियों की सूची में 20 लाख की कटौती करने में मदद मिलेगी। 1 जनवरी को हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुखू ने स्वेच्छा से अपने नाम पर 125 यूनिट की मुफ्त बिजली सब्सिडी छोड़ दी। उन्होंने सभी आत्मनिर्भर व्यक्तियों से ऐसा करने का आग्रह किया। इस अपील का उद्देश्य राज्य बिजली बोर्ड को 200 करोड़ का लाभ पहुंचाना है। दिसंबर 2022 में हिमाचल प्रदेश की सत्ता संभालने वाली कांग्रेस सरकार गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रही है। पार्टी अपने चुनावी वादों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। इस प्रक्रिया में, इसने लाभार्थियों की सूची को छांटना और पिछली बीजेपी सरकार की तरफ से शुरू की गई मुफ्त सुविधाओं में फेरबदल करना शुरू कर दिया है। अक्टूबर में हमारे सहयोगी अखबार इकनॉमिक टाइम्स को दिए एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में आंध्र के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने माना कि वित्तीय बाधाओं के कारण विधानसभा चुनावों से पहले किए गए छह वादों को पूरा करने में उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। जब भारत ने 2024 में 18वीं लोकसभा और आठ विधानसभा चुनावों के लिए मतदान किया, तो पार्टियों ने मुफ्त सुविधाओं की प्रतिस्पर्धी राजनीति शुरू कर दी। महिलाओं के लिए पेंशन, छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए ऋण माफी, मासिक बेरोजगारी भत्ता और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा उनके द्वारा किए गए कुछ मुफ्त वादे थे। इसने पार्टियों को सत्ता में तो पहुंचा दिया, लेकिन मुफ्त सुविधाओं का बढ़ता वित्तीय बोझ राज्य सरकारों के लिए एक वास्तविकता बन गया है। भारत में मुफ्त उपहारों का प्रचलन पहली बार 1967 में मद्रास में हुए चुनावों में शुरू हुआ था। राज्य चावल की सीमित आपूर्ति और बढ़ती कीमतों के कारण गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहा था। विधानसभा चुनावों से पहले, अन्ना के नाम से मशहूर सीएन अन्नादुरई के नेतृत्व में डीएमके ने 1 प्रति किलो चावल उपलब्ध कराने का वादा किया था। डीएमके ने 234 विधानसभा सीटों में से 138 सीटें जीतीं और कांग्रेस सिर्फ 50 सीटों पर सिमट गई।

### अर्ज किया है..!

*जो देखते तिरी ज़ंजीर-ए-ज़ुल्फ़ का आलम*
*असीर होने की आज़ाद आरज़ू करते*

-हैदर अली आतिश

isha



**"सत्य कोई बाहरी वस्तु नहीं है जिसे खोजा जा सके, यह आपके भीतर है।"**

– जग्गी वासुदेव

## सैर सपाटा

# संगम स्नान के लिए जा रहे हैं महाकुंभ तो घूमें प्रयागराज के ये 5 स्थल, चाहिए सिर्फ दो दिन की छुट्टी



प्रत्येक 12 वर्ष में महाकुंभ का आयोजन होता है। महाकुंभ संगम नगरी प्रयागराज में मनाया जा रहा है, जिसकी शुरुआत आज यानी कि 13 जनवरी 2025 से हो गई है और 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन इस कुंभ मेले का समापन होगा। इस दौरान करोड़ों लोग पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। कुंभ के मौके पर देश-विदेश से लोग प्रयागराज गंगा में स्नान के लिए पहुंचते हैं। अगर आप भी महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जाने की योजना बना रहे हैं तो इस यात्रा को धार्मिक के साथ ही पर्यटन यात्रा भी बना सकते हैं। प्रयागराज में सिर्फ धार्मिक स्थल ही नहीं हैं बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल भी हैं, जो आपको घूमने के लिए शानदार मौका देते हैं। प्रयागराज कई महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों से भरा हुआ है, जिन्हें आप महज दो दिनों की छुट्टी में घूम सकते हैं। आइए जानते हैं प्रयागराज के पर्यटन स्थलों के बारे में और कैसे दो दिन में सफर पर पूरा कर सकते हैं।

## प्रयागराज में घूमने लायक 5 प्रमुख स्थल

### त्रिवेणी संगम

यहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी का संगम होता है। संगम स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है। आप यहां नौका विहार का आनंद भी ले सकते हैं। त्रिवेणी संगम को घूमने के लिए सुबह-सुबह या सूर्यास्त के समय के जाएं।

### आनंद भवन

यह भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का पैतृक आवास था, जिसे अब संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया है। यहां स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण वस्तुएं और दस्तावेज देखे जा सकते हैं। एंट्री के लिए टिकट लगता है हालांकि प्रवेश शुल्क नाममात्र का ही है। यहां घूमने के लिए एक से दो घंटे का समय लग सकता है।

### खुसरो बाग

यह मुगल स्थापत्य कला का सुंदर नमूना है जहां जहांगीर के पुत्र खुसरो का मकबरा स्थित है। बाग की सुंदरता और शांति इसे एक आदर्श पिकनिक स्थल बनाती है। सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक कभी भी घूमने जा सकते हैं।

### इलाहाबाद किला

इस किले को अकबर ने 1583 में बनवाया था और आज भारतीय सेना के अधीन है। किले में स्थित अशोक स्तंभ और सरस्वती कुंड प्रमुख आकर्षण हैं। पर्यटकों को किले का सीमित हिस्सा देखने की अनुमति है।

### हनुमान मंदिर

प्रयागराज में लेटे हुए हनुमान जी की प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध एक प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि गंगा जी की बाढ़ का जल सबसे पहले यहां आता है और हनुमान जी के चरण छूकर वापस लौट जाता है। संगम के पास स्थित यह मंदिर कुंभ या महाकुंभ के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

### कैसे बनाएं यात्रा योजना

पहले दिन सुबह संगम में स्नान करें। फिर बड़ा हनुमान मंदिर में दर्शन और इलाहाबाद का किला घूमें। दूसरे दिन आनंद भवन और खुसरो बाग देखने जाएं। ध्यान रखें कि कुंभ के दौरान होटल की बुकिंग पहले से कराएं। स्थानीय स्ट्रीट फूड का आनंद लें जैसे कि इलाहाबादी कुल्फी, चाट और समोसा। सुबह जल्दी या देर शाम संगम स्नान के लिए जाएं, ताकि भीड़ से बचा जा सके।

Uttarpradesh

# महाकुंभ में मुलायम सिंह यादव की मूर्ति को लेकर मचा हंगामा; भड़के संतों ने बताया हिंदू विरोधी

**प्रयागराज, (एजेंसी)** संगम नगरी प्रयागराज में आज से महाकुंभ का शुभारंभ होने जा रहा है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले इस आस्था के पर्व में करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए यहां जुटेंगे। हालांकि इससे पहले महाकुंभ मेला परिसर में एक कैंप में समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की मूर्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कई हिंदू संतों ने इस मूर्ति को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद समेत कई संतों ने गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदुओं के आस्था के पर्व में हिंदू विरोधी नेता की मूर्ति लगाना हिन्दुओं का अपमान है।



प्रतिमा की स्थापना पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने कड़ी निंदा की। परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव हिंदू विरोधी और सनातन विरोधी विचार रखते थे। महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने का उद्देश्य संतों को उन घटनाओं की याद दिलाना है, जब उनके लोगों ने हिंदुओं की हत्या की थी। उन्होंने कहा, "हमें मुलायम सिंह की प्रतिमा पर कोई आपत्ति नहीं है। वह हमारे मुख्यमंत्री रहे हैं। लेकिन वे इस वक्त प्रतिमा स्थापित करके क्या संदेश देना चाहते हैं? सभी जानते हैं कि राम मंदिर आंदोलन में उन्होंने क्या किया।' महंत ने कहा, 'वह हमेशा हिंदू विरोधी, सनातन विरोधी और मुसलमानों के हितैषी रहे हैं।' जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने भी रवींद्र पुरी का समर्थन किया है।

Jharkhand

## रांची में साढ़े 22 लाख रुपये हड़पने के बाद मुंबई में चाऊमीन बेच रहा था ठग, पुलिस ने धर दबोचा

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड की राजधानी रांची में साढ़े 22 लाख रुपये की ठगी करने के बाद आरोपी मुंबई पहुंच गया और पुलिस से बचने के लिए वहां चाऊमीन की स्टाल लगाने लगा. जब रांची में उसके खिलाफ केस दर्ज हुआ तो पुलिस की टेक्निकल सेल ने उसे ट्रेस कर लिया. उसके बाद रांची पुलिस ने मुंबई से आरोपी रविंद्र राणा को गिरफ्तार कर लिया.

आरोपी रांची के सुखदेव नगर इलाके में एचआर एंटरप्राइजेज नाम की दुकान चलाता था. रांची पुंदाग के रहने वाले कारोबारी शैलेंद्र कुमार पाठक ने रविंद्र राणा पर 22 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए सुखदेव नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी.

सुखदेव नगर के थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी ने शैलेंद्र कुमार पाठक से इलेक्ट्रिकल तार खरीदने के लिए पैसे लिए थे. काफी दिन बीत जाने के बाद जब शैलेंद्र कुमार पाठक ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी मोबाइल बंद कर मुंबई फरार हो गया था. इतना ही नहीं आरोपी ने शैलेंद्र कुमार पाठक को एक चेक भी दिया था जो बाउंस हो चुका था.

आरोपी रविंद्र राणा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस रजिस्टर होने के बाद से ही टेक्निकल सेल आरोपी के पीछे पड़ी थी. जैसे ही ये इनपुट मिला कि आरोपी मुंबई में पनाह लिए हुए हैं, सुखदेव नगर पुलिस की टीम मुंबई गई और आरोपी को धर दबोचा.

Punjab

## पंजाब में चाइनीज मांझे से मौत
### जालंधर के युवक का दो दिन पहले कटा था गला, लोहड़ी पर पीजीआई में मौत



**जालंधर (पंजाब), (एजेंसी)** जालंधर में आदमपुर क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति की चाइनीज मांझे से गला कटने के बाद मौत हो गई। घटना दो दिन पहले की है। 45 वर्षीय हरप्रीत सिंह काम से घर लौट रहा था और चाइनीज डोर की चपेट में आने से उसकी गर्दन की नस कट गई थी। दो दिन पहले जब हरप्रीत अपनी मोटरसाइकिल से आदमपुर से वापस अपने गांव सरोबाद जा रहा था तो अचानक सड़क पर इस युवक की गर्दन पर चाईना डोर लगने से गहरा घाव हो गया, जिससे यह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा था। राहगीरों ने व्यक्ति को आदमपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया, जहां युवक जिंदगी

Jharkhand

## झारखंड में छात्राओं की शर्ट उतरवाने पर एक्शन... प्रिंसिपल रूम सील, लीगल अथॉरिटी ने दिए जांच के आदेश

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड में धनबाद के स्कूल में हुई घटना ने झकझोर कर रख दिया है. आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने छात्राओं की शर्ट उतरवा दी और उन्हें बिना शर्ट के ब्लेजर में घर भेजा. अब इस मामले में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वतः संज्ञान लिया है. उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं. इस बीच प्रिंसिपल के कमरे को सील कर दिया गया है. धनबाद के सांसद दुल्लू महतो ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को पत्र लिखकर स्कूल और प्रिंसिपल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. झरिया की भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने भी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से मामले में हस्तक्षेप करने को कहा है. उत्तम मुखर्जी के नेतृत्व में सीडब्ल्यूसी की टीम मामले की जांच करेगी और उन्होंने डीएसई से भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. दरअसल, यह घटना बीते 9 जनवरी की है.



धनबाद के प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं की छात्राएं प्री बोर्ड के आखिरी पेपर के दिन पेन डे मना रही थीं. छात्राएं अपनी सहेलियों को शुभकामनाएं दे रही थीं और शर्ट पर ऑटोग्राफ दे रही थीं, ताकि ये अच्छी यादें सहेज सकें. छात्राओं का यह जश्न स्कूल की प्रिंसिपल को पसंद नहीं आया और वह इससे नाराज हो गईं.

खेल

# भारत ने दूसरे वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराया, सीरीज में दर्ज की 2-0 की अजेय बढ़त

**राजकोट, (एजेंसी)** भारत ने आयरलैंड को दूसरे वनडे में 116 रन से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अब टीम इंडिया तीसरे और अंतिम मैच में मेहमानों का सूपड़ा साफ करना चाहेगी। यह मुकाबला बुधवार को राजकोट में ही खेला जाएगा। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने स्मृति मंधाना (73), प्रतिका रावल (67), हरलीन देओल (89) और जेमिमा रोड्रिग्स (102) की दमदार पारियों की बदौलत 50 ओवर में पांच विकेट पर 370 रन बनाए। यह महिलाओं के वनडे में भारत का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले 2017 में भारत ने आयरलैंड के खिलाफ ही वडोदरा में दो विकेट गंवाकर 358 रन बनाए थे। महिलाओं के वनडे में यह ओवरऑल 15वां सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में आयरलैंड की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर सिर्फ 254 रन ही बना सकी।




### आयरलैंड की पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका उनकी कप्तान गैबी लेविस (12) के रूप में ही लगा। उन्हें सयाली सतघरे ने अपना शिकार बनाया। इस मुकाबले में क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाये। सारा फोर्ब्स ने 38 जबकि लॉरा डेनली ने 37 रन का योगदान दिया। लेकिन दूसरे छोर से बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। दीप्ति शर्मा और प्रिया मिश्रा की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी के सामने आयरलैंड के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। अनुभवी दीप्ति ने तीन विकेट लिए जबकि प्रिया ने 53 रन देकर दो विकेट चटकाए। तितास साधु और सयाली सतघरे को एक-एक सफलता मिली।

### भारत की पारी

कप्तान स्मृति मंधाना और प्रतिका ने एकबार फिर टीम इंडिया को अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े। मंधाना ने 54 गेंद में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 73 रन और प्रतिका ने 61 गेंद में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 67 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसके बाद हरलीन देओल ने भी अर्धशतक लगाया। उन्होंने 84 गेंद में 12 चौके की मदद से 89 रन बनाए। जेमिमा ने 91 गेंद में 12 चौके की मदद से 102 रन की पारी खेली। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और महिला वनडे में जेमिमा का पहला शतक है। ऋचा घोष पांच गेंद में 10 रन बनाकर आउट हुईं। तेजल हसाबनिस और सयाली सतघरे दो-दो रन बनाकर नाबाद रहीं। आयरलैंड की ओर से ओरला प्रेंडरगास्ट और आर्लीन केली ने दो-दो विकेट लिए। जॉर्जिना डेंपसे को एक विकेट मिला।

सिनेमा

## लॉस एंजेलिस की आग से बाल-बाल बचीं रूपल त्यागी, बोलीं, 'सब कुछ जल गया... नजारा देख दहला दिल'



टीवी एक्ट्रेस रूपल त्यागी लॉस एंजेलिस की आग से बाल बाल बची हैं. एक्ट्रेस दो महीने के ब्रेक पर गई हुई थीं, वो वहां पढ़ाई भी कर रही थीं, लेकिन वापस लौटते हुए, वहां मचे हाहाकार को देख वो अपनी सारी अच्छी यादें भूल गईं. रूपल ने बताया कि कैसे उन्होंने घर वापस आते समय आसमान में धुआं देखा, लेकिन जब तक वो उतर नहीं गईं, तब तक उन्हें इसकी ग्रैविटी का एहसास नहीं हुआ. इंडिया टुडे डिजिटल से बात करते हुए, रूपल ने बताया कि वो कुछ दिन पहले उन जगहों पर थीं और उनके लिए उस शहर को पूरी तरह से राख में बदलते देखना दिल दहला देने वाला था. रूपल बोलीं- ड्राय मौसम की स्थिति को देखते हुए जंगल में आग लगना उनके लिए कॉमन बात है, लेकिन किसी ने ये नहीं सोचा था कि ये इतनी भयंकर होगी. मुझे याद है कि मैंने अपनी फ्लाइट से धुआं निकलते देखा था और सोच रही थी कि क्या हो रहा है. जब तक मैं मुंबई पहुंची, मुझे पता चला कि आग कैसे फैल गई और सब कुछ जल गया. वो नजारा देखना दिल दहला देने वाला है. एक्ट्रेस ने कहा कि घर वापस जाने से पहले, वो उसी सड़क पर गाड़ी चलाकर हॉलीवुड साइन देखने गई थीं. आग की वजह से उस इलाके को भारी नुकसान हुआ.

## Highlights

1. Foreigners take dip in Maha Kumbh, say 'Water cold but heart filled with warmth'
2. Woman found dead in Tungabhadra Canal in Karnataka
3. 14-yr-old girl dies by suicide after alleged harassment in K'taka
4. Z-Morh Tunnel: Game changer for all weather access to Ladakh

# Minimum EPS pension hike to ₹7,500 may be considered in Union budget 2025: Report

**NEW DElHI, (Agency).** The government could reportedly be considering acting on the appeal by private sector employees covered under the Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) for an increase in the minimum pension, which at the moment is fixed at ₹1,000 per month. For this, a delegation of EPS-95 pensioners met Finance Minister Nirmala Sitharaman on January 10 , 2025, as part of a pre-budget consultative meeting, according to a Financial Express report.




Their request was for a minimum monthly pension of ₹7,500, along with a dearness allowance (DA) hike and free medical treatment for both pensioners and their spouses. Sitharaman assured the EPS-95 National Agitation Committee that the demands would be reviewed, according to the report. Trade unions also met the finance minister during the session, but they advocated for a lower pension increase to ₹5,000 per month, the report read. This attracted criticism from the EPS-95 National Agitation Committee which deemed the amount as inadequate, unfair, and not sufficient to meet the basic needs of pensioners. The report quoted the pension body as claiming that despite the government's 2014 announcement of setting the minimum monthly pension at ₹1,000, over 36.60 lakh pensioners still receive less than this amount.

# Rupee hits all-time low of 86.3537 as US dollar rallies, crude surges

**Mumbai, (Agency).** The rupee hit an all-time low on Monday, January 13, 2025 as it slid down for the second straight session as the US dollar rallied upon better-than-expected job growth in the US market.

At 10:07 am IST, the rupee fell to 86.3537 per dollar, according to figures cited in a Bloomberg report. This was a fall of 38 paise in value from the previous close.

On last Friday, the rupee had declined 18 paise to settle at 86.04 against the US dollar.

Meanwhile, the dollar index went up 0.22% to its over two-year-high of 109.72, with 10-year US bond yields also remaining high at 4.76%.




Apart from the strong dollar, other factors such as a record surge in crude oil prices, continued outflow of foreign capital, as well as a negative trend in domestic stocks have also pressured the rupee, according to a PTI report which cited forex traders. Brent Crude was up by 1.55%, reaching $81.00 per barrel, while WTI was up 1.76%, reaching $77.92 per barrel and Natural Gas (Nymex) rose 5.99%, reaching $4.23 per Metric Million British Thermal Units (MMBtu), according to Bloomberg data. All of this is for February 2025 contracts.

Foreign institutional investors (FIIs) also offloaded ₹2,254.68 crore in Indian stocks on Friday, according to exchange data.

Apart from all this, the Reserve Bank of India (RBI) on Friday said the country's forex reserves dropped by USD 5.693 billion to USD 634.585 billion in the week ended January 3.

All of this also took a toll on the Indian stock market, with the the benchmark BSE Sensex tumbling by 677.22 points or 0.88%, reaching 76,701.69 after opening, while the broader NSE Nifty was down by 212.90 points or 0.91%, reaching 23,218.60.

# बाइक की चैन में महिला की साड़ी फंसी, गिरने से 4 माह की बच्ची की मौत, मां घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर देवास रोड पर हुए एक सड़क हादसे में 4 माह की बच्ची की मौत हो गई और उसकी मां घायल हो गई। यह हादसा तब हुआ जब दंपत्ति अपनी बेटी को लेकर माता दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।**

क्षिप्रा पुलिस के मुताबिक, यह घटना इंदौर देवास ब्रिज के पास लसूडिया परमार में हुई। हादसे में मृत बच्ची का नाम नित्या था। उसकी मां नीतू भी घायल हुई हैं। परिवार के अनुसार, वे तीनों बाइक से देवास टेकरी जा रहे थे और संजू बाइक चला रहे थे। इसी दौरान बाइक की चेन में पत्नी नीतू की साड़ी उलझ गई, जिससे मां और बेटी दोनों सड़क पर गिर गए। बच्ची के सिर में चोट आई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

एक कार सवार ने दंपत्ति की मदद की और उन्हें देवास के निजी अस्पताल में भेजा। अस्पताल में चेकअप के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को एमवाय अस्पताल भेजने की सलाह दी। शाम को एम्बुलेंस से माता-पिता ने बच्ची को इंदौर लाया, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

नित्या उनके लिए इकलौती संतान थी। पिता संजू ने बताया कि उनकी शादी को ढाई साल हो चुके थे और वे अपनी बेटी को माता मंदिर लेकर जा रहे थे। कुछ दिन पहले ही बाइक की चेन से आवाज आ रही थी, जिसे ठीक कराने का सोचा था, लेकिन यह हादसा हो गया।

संजू इंदौर की एक फार्मा कंपनी में काम करते हैं और पिछले 6 साल से लसूडिया परमार में रह रहे हैं। उनका मूल निवास अशोक नगर है। संजू की पत्नी को भी सिर और हाथ में चोट आई है, जिसका इलाज चल रहा है।

# इंदौर में सर्द हवाओं का दौर फिर शुरू

## 24 घंटों में दिन का तापमान 5 डिग्री गिरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रविवार से मौसम में फिर बदलाव देखा गया। तेज रफ्तार सर्द हवाओं के कारण ठंड बढ़ गई है, जिससे दिन के तापमान में 5 डिग्री की गिरावट आई। रविवार को दिन का तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछले दिन से 4 डिग्री कम था। रात को भी ठिठुरन बनी रही और तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

सोमवार सुबह हल्का कोहरा रहा, जिसकी विजिबिलिटी 1100 मीटर रही। बादल छाए रहने के कारण कंपकपी महसूस हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, तापमान में और गिरावट की संभावना है।

मकर संक्रांति के दिन, 15 जनवरी को, इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में बादल और बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे पतंगबाजी में दिक्कत हो सकती है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में और बदलाव की संभावना जताई है।

इंदौर में पिछले चार दिनों से तापमान में बढ़ोतरी के बाद राहत थी, लेकिन रविवार को एक बार फिर सर्दी लौट आई और तेज ठंड महसूस हुई, जिससे आवाजाही पर भी असर पड़ा। रात का तापमान और भी गिर गया, जिससे कंपकपी बनी रही।

इससे पहले, जनवरी में अब तक पांच रातें ऐसी रही हैं जब तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया था। सबसे कम तापमान 7 जनवरी को 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, मकर संक्रांति के दौरान भी ठंड का असर रहेगा।

# MD ड्रग के साथ पकड़ाया बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 100 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग, 1 किलो चरस और 3 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ के बीच आरोपी ने बताया कि वह यह सामान बाहर के राज्यों से लाता था। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपी से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच ने मोहसिन उर्फ छगन भाई (पुत्र इकबाल मंसूरी) को गिरफ्तार किया है। वह धार के पास का निवासी है। वहीं, दूसरे साथी का नाम शहबाज (पुत्र शहजाद, निवासी श्रीनगर कॉलोनी, धार) है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 102 ग्राम एमडी ड्रग, 1 किलो 46 ग्राम चरस और 3 किलो 882 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है। मोहसिन आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ धार में मारपीट, झगड़े, जान से मारने की धमकी सहित 6 मामले दर्ज हैं। आरोपी क्राइम ब्रांच के एक प्रकरण नंबर 140/24 NDPS एक्ट में पहले से फरार चल रहा था। वहीं, शहबाज के खिलाफ भी धार में अपराध दर्ज है। वह अपराध नंबर 07/25 NDPS एक्ट के तहत फरार था। मोहसिन पहले पीओपी का काम करता था, लेकिन बाद में उसने तस्करी शुरू कर दी। बाणगंगा पुलिस ने लक्की (निवासी चंद्रगुप्त चौराहा) और नावेल्टी मार्केट के एक दुकानदार पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगों ने कान्हा विहार कॉलोनी में रहने वाले 14 साल के नाबालिग को सांवेर रोड पर ब्राउन शुगर की पुड़िया बेचने के लिए भेजा।

# चोरी के माल के बंटवारे को लेकर नाबालिग की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सांवेर इलाके में शनिवार रात एक नाबालिग का शव मिला। जानकारी के अनुसार, उसके दो दोस्तों ने चोरी के माल के बंटवारे को लेकर उसकी हत्या कर दी। तीनों आरोपी इंदौर के अशोक नगर के पास मुगावली से चोरी करके फरार हुए थे, जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश में इंदौर पहुंची थी। सांवेर पुलिस ने मुगावली पुलिस की मदद से 15 वर्षीय अभिषेक का शव धरमपुरी के पास पहाड़ी से बरामद किया। इस मामले में आरोपियों दुर्गेश और राहुल को गिरफ्तार किया गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक